(d) Existing Low Power Transmitters (LPTs) at Baleshwar, Berhampur & Sambalpur (DD II) are proposed to be upgraded to High Power Transmitter (HPT) in Orissa during Ninth Plan subject to availability of resources, infrastructural facilities, requisite manpower and inter-se priorities.

समाचार-पत्रों के लिए विज्ञापन-नीति की समीक्षा का प्रस्ताव

3029. **श्री ओंकार सिंह लखावत:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार समाचार-पत्रों के लिए वर्तमान विज्ञापन-नीति की समीक्षा करने अथवा इस संबंध में एक नई नीति बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक;

(ख) उन तीन सबसे बड़े समाचार-पत्रों के नाम क्या हैं जिन्हें विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय के माध्यम से सर्वाधिक विज्ञापन दिए गए और इस संबंध में व्यय हुई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उन तीन सबसे बड़े समाचार-पत्रों के नाम क्या हैं जिन्हें वर्ष 1996-97 और 1997-98 के दौरान राजस्थान में सर्वाधिक विज्ञापन दिए गए ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज): (क) सरकार अपनी विज्ञापन नीति को युक्ति-संगत बनाने और इसमें सुधार करने की दृष्टि से इसकी समय-समय पर समीक्षा करती है। मौजूदा नीति को संशोधित करने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख) ब्यौरा निम्न प्रकार से है.—

क्रम सं॰	समाचारपत्र/पत्रिका का नाम	दी गई राशि (रुपये में) 1996-97	1997-98
1.	एम्पलाईमेंट न्यूज/रोजगार समाचार	5,90,77,753	6,64,05,539
2.	हिंदुस्तान टाइम्स	2,82,65,341	3,74,32,954
3.	टाइम्स ऑफ इंडिया	1,39,28,799	2,56,70,765

(ग) हिन्दी दैनिक ये थे:—राजस्थान पत्रिका "नव ज्योति" और राष्ट्रदूत

सर्वाधिक प्रसार वाला हिन्दी समाचार-पत्र

3030. **श्री ओंकार सिंह लखावत:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रसार संख्या की दृष्टि से वर्ष 1996-97 और 1997-98 में देश में तीन सबसे बड़े हिन्दी समाचार-पत्रों के नाम क्या हैं तथा इनमें से प्रत्येक समाचार पत्र की प्रसार संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(ख) राजस्थान में सर्वाधिक प्रसार संख्या वाले समाचार-पत्र का नाम क्या है तथा प्रसार संख्या की दृष्टि से वर्ष 1996-97 तथा 1997-98 में राज्य में तीन सबसे बड़े समाचार-पत्रों के नाम क्या हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज): (क) और (ख) वर्ष 1996 तक देशों में शीर्षस्थ तीन हिन्दी दैनिक समाचारपत्र जिनके सरकारी आंकड़े उपलब्ध हैं, पंजाब केसरी, जालंधर, पंजाब केसरी, दिल्ली एवं राजस्थान पत्रिका, जयपुर थे। जिनकी प्रसार संख्या क्रमशः 3,12,174; 3,07,159 और 2,06,704 थी। राजस्थान में 1996 में, प्रसार संख्या की दृष्टि से शीर्षस्थ तीन दैनिक समाचारपत्र राजस्थान पत्रिका जयपुर, राष्ट्रदूत, जयपुर, एवं राजस्थान पत्रिका, जोधपुर थे जिनकी प्रसार संख्या क्रमशः 2,06,704 1,10,810 एवं 68,206 थी।

Decision Regarding Allowing Uplinking from Indian Soil

3031. **SHRI RAMDAS AGARWAL:** Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) Whether Government have so far taken any decision on the manner in